Disposal of Land by MRPL

607. SHRI JANARDHANA POOJARY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that portion of the land acquired and allotted to Mangalore Refinery and Petro-chamical Limited has been disposed of by the Company; if so, the extent of the land disposed of;

(b) whether it is also a fact that another portion of the land has been used by the company for some other purpose than that of the project; if so, the details thereof; and

(c) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T. R. BAALU): (a) and (b) No, Sir.

(c) Does not arise.

पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन और खपत

608. **श्री राघवजी:**
श्री अखिलेश दास:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1996 के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों का कितना उत्पादन हुआ और इसी अवधि के दौरान हुई कुल खपत का यह कितने प्रतिशत है;

(ख) देश में किन-किन स्थानों में पेट्रोलियम के नए भंडारों की खोज का कार्य चल रहा है;

(ग) किन-किन स्थानों पर ऐसे भंडार पाए गए हैं और वहां पर उत्खनन कार्य करने संबंधी योजना क्या है;

(घ) क्या हमारी आवश्यकता के अनुरूप ड्रिल करने हेतु अन्य देशों से तकनीकी सहायता मांगी गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी॰ आर॰ बालु): (क) कलेण्डर वर्ष 1996 के दौरान पेट्रोलियम उत्पाद लगभग 61.2 मिलियन मीटरी टन था जो 75.771 मिलियन मीटरी टन की खपत का 80.8 प्रतिशत है।

(ख) निम्नांकित बेसिनों/क्षेत्रों में हाइड्रोकार्बनों से संबंधित अन्वेषण किया जा रहा है:—

जमीनी क्षेत्र में कैम्बे, कृष्णा-गोदावरी, कावेरी, उपरी असम, असम-अराकान फील्ड बैल्ट, बंगाल, राजस्थान, गंगाघाटी, हिमालय की तलहटी विंध्यायन और सतपुड़ा तथा पश्चिमी एवं पूर्वी अपतट।

(ग) इन क्षेत्रों में से निम्नांकित बैसिनों/क्षेत्रों में तेल एवं गैस की खोज की गई है:—

कैम्बे, कावेरी, कृष्णा-गोदावरी, ऊपरी, असम-अराकान फील्ड बैल्ट, राजस्थान, पूर्वी एवं पश्चिमी अपतट।

वर्ष 97-98 की वार्षिक योजना के अन्तर्गत किए गए अनुमानों के अनुसार ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन तथा आयल इंडिया लिमिटेड की उपर्युक्त क्षेत्रों समेत देश में 468.64 हजार मीटर अन्वेषी ड्रिलिंग तथा 446.46 हजार मीटर विकासात्मक ड्रिलिंग की योजना है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, निजी/संयुक्त उद्यम प्रचालकों द्वारा ड्रिलिंग कार्य किए जाने की संभावना है।

(घ) और (ङ) ड्रिलिंग के लिए अन्य देशों से कोई तकनीकी सहायता नहीं मांगी गई है।

Refinery Project Collaboration with Foreign Oil Companies

609. SHRI SANJAY DALMIA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether any scheme for refinery projects by oil companies in collaboration with foreign oil companies, has been formualted;

(b) if so, the details thereof; and the progress made so far in this regard;

(c) the details of equity participation of the foreign oil companies under the said scheme and that of the public and others; and

(d) by when the said project is likely t be completed?

906/RS-6'3